**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 406**
**मंगलवार, 4 फ़रवरी, 2025/15 माघ, 1946 (शक) को उत्तरार्थ**

# किसानों के लिए सबसे बड़ी भंडारण क्षमता का विकास

**†406. श्री दिनेश चंद्र यादवः**

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने संपूर्ण देश के किसानों के लिए सहयोग के माध्यम से विश्व की सबसे बड़ी भंडारण क्षमता विकसित करने के लिए कोई कार्ययोजना शुरू की है;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में राज्यवार कितनी प्रगति हुई है;
(ग) क्या योजना के अंतर्गत कोल्ड स्टोरेज भी विकसित किए जाने की संभावना है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**सहकारिता मंत्री**
**(श्री अमित शाह)**

(क) से (घ): जी हाँ, मान्यवर । सरकार ने दिनांक 31.05.2023 को "सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना" को मंजूरी दी है जिसे एक पायलट परियोजना के रूप में शुरू किया गया है । इस परियोजना में कृषि अवसंरचना कोष (AIF), कृषि विपणन अवसंरचना योजना (AMI), कृषि यांत्रिकीकरण पर उपमिशन (SMAM), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME), आदि जैसी भारत सरकार की विभिन्न मौजूदा योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से पैक्स स्तर पर गोदामों, कस्टम हायरिंग केंद्र, प्रसंस्करण इकाइयों, उचित मूल्य की दुकानों, इत्यादि सहित विभिन्न कृषि अवसंरचना का निर्माण शामिल है ।

इस योजना की पायलट परियोजना के अधीन 11 राज्यों के 11 PACS में गोदामों का निर्माण पूरा हो गया है । इसका राज्य-वार ब्योरा **अनुलग्नक -I** में संलग्न है ।

इस योजना के अधीन PACS, एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) की केंद्रीय प्रायोजित परियोजना के तहत गांवों में उत्पादित फलों और सब्जियों की आपूर्ति के लिए शीतागार इकाइयां, पैक-हाउस, प्रशीतन वैन, आदि सहित शीत श्रृंखला अवसंरचना भी स्थापित कर सकती हैं ।

*****

**अनुलग्नक -I**

| **क्रम सं.** | **राज्य/संघ राज्यक्षेत्र** | **जिला** | **पैक्स का नाम** | **गोदाम की क्षमता (मीट्रिक टन)** | **निर्मित अवसंरचना** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | महाराष्ट्र | अमरावती | नेरिपंगलाई विविध कार्यकारी सहकारी संस्था | 3,000 | गोदाम |
| 2. | उत्तर प्रदेश | मिर्जापुर | बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड, कोटवा पांडे | 1,500 | गोदाम |
| 3. | मध्य प्रदेश | बालाघाट | बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि शाख सहकारी सोसाइटी मर्यादित पर्सवाड़ा | 500 | गोदाम + धान प्राथमिक प्रसंस्करण इकाई |
| 4. | गुजरात | अहमदाबाद | द चंद्रनगर ग्रुप सेवा सहकारी मंडली लिमिटेड | 750 | गोदाम |
| 5. | तमिलनाडु | थेनी | सिलामराथुपट्टी प्राईमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी | 1,000 | गोदाम |
| 6. | राजस्थान | श्रीगंगानगर | घुमुडवाली ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड | 250 | गोदाम + बीज ग्रेडिंग इकाई + कस्टम हायरिंग सेंटर |
| 7. | तेलंगाना | करीमनगर | प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड, गम्भीरोपेट | 500 | गोदाम + प्रसंस्करण इकाई |
| 8. | कर्नाटक | बीदर | प्राइमरी एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड, एकांबा | 1,000 | गोदाम + प्रसंस्करण इकाई |
| 9. | त्रिपुरा | गोमती | खिलपाड़ा प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड | 250 | गोदाम + प्रसंस्करण इकाई + ग्रामीण हाट |
| 10. | असम | कामरूप | 2 नं. पब बोंगशर जी.पी.एस.एस. लिमिटेड | 500 | गोदाम |
| 11. | उत्तराखंड | देहरादून | बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड, साहसपुर | 500 | गोदाम |
| | **कुल** | | | **9,750** | |